दैनिक
RNI No. MPHIN/2018/77427
सच कहने का साहस
# चम्बल नवराष्ट्र
web portal : cnnews.co.in | Email : guptavineet087@gmail.com | Share Events & News 8889307028
वर्ष -6 अंक-224 भोपाल, गुरुवार 25 जुलाई 2024 पृष्ठ -8 मूल्य-2.00

# नेपाल में प्लेन क्रैश, 18 लोगों की मौत पायलट घायल

## काठमांडू से उड़ान भरते ही विमान में झटका लगा, फिर आग लग गई

काठमांडू। एजेंसी

नेपाल की राजधानी काठमांडू में बुधवार सुबह एक विमान क्रैश हो गया है। प्लेन में सवार 19 लोगों में से 18 की मौत हो गई है। वहीं घायल पायलट कैप्टन एम. शाक्य को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया है। प्लेन काठमांडू से पोखरा जा रहा था।

प्लेन ने सुबह करीब 11 बजे त्रिभुवन एयरपोर्ट से उड़ान भरी। इसके कुछ ही देर के अंदर यह क्रैश हो गया। 9N-AME प्लेन सौर्य एयरलाइन्स का था। हादसे में मारे गए लोगों में से 17 सौर्य एयरलाइंस के ही स्टाफ थे, जबकि बाकी 2 क्रू मेंबर्स थे।

हादसे में मारे गए 18 लोगों में से तीन एक ही परिवार के हैं। इनमें मुन राज शर्मा उनकी पत्नी प्रीजा खाटिवाडा और उनका चार साल का बेटा आदि राज शर्मा शामिल है।

दरअसल 21 साल पुराने इस प्लेन को मरम्मत कर टेस्टिंग के लिए ले जाया जा रहा था। प्लेन में मौजूद लोग कंपनी का टेस्टिंग स्टाफ था। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, हादसे के तुरंत बाद पुलिस और फायर फाइटर्स की टीम घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए पहुंची।

एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि क्रैश के बाद विमान में आग लग गई थी। इसे तुरंत बुझा दिया गया। घटनास्थल से सामने आई तस्वीरों में धुएं का गुबार उठता दिख रहा है। हालांकि, हादसा किस वजह से हुआ इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।

### चश्मदीद बोले- टेकऑफ करते ही झटका लगा, फिर क्रैश हो गया

घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीदों ने काठमांडू पोस्ट से बात करते हुए कहा,



प्लेन रनवे के दक्षिणी छोर से टेकऑफ कर रहा था। अचानक से इसमें झटका लगा और आग लग गई। इसके बाद यह रनवे के पूर्वी हिस्से में बुद्धा एयर हैंगर और रडार स्टेशन के बीच एक गड्ढे में गिर गया। सौर्य एयरलाइंस की वेबसाइट के मुताबिक, कंपनी नेपाल में 5 जगहों के लिए विमान संचालित करती है। इनके पास 3 बॉम्बार्डियर CRJ-200 जेट्स मौजूद हैं।

### एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत, 4 साल का बच्चा भी शामिल

इस हादसे में एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई है। एयरलाइंस की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि फ्लाइट मेंटेनेंस मनुराज शर्मा अपनी पत्नी प्रिया खतिवडा और चार साल के बेटे अधिराज शर्मा के साथ सफर कर रहे थे। इस हादसे में तीनों की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे में मारे गए 17 लोग सौर्य एयरलाइंस के स्टाफ थे।

### नेपाल में 14 साल में 12 विमान हादसे हुए

नेपाल में एयर इंडस्ट्री में पिछले कुछ सालों में काफी विकास हुआ है। यह कई कठिन और पहाड़ी वाले इलकों में भी सेवाएं दे रही हैं। हालांकि, खराब सुरक्षा व्यवस्था और ट्रेनिंग की कमी की वजह से यहां अकसर हादसे होते रहते हैं।

नेपाल में हर साल औसत एक विमान हादसा होता है। साल 2010 से अब तक 12 प्लेन क्रैश हो चुके हैं। 14 जनवरी 2023 को यहां बड़ा विमान हादसा हुआ था। यति एयरलाइंस का प्लेन काठमांडू से 205 किमी दूर पोखरा में क्रैश हो गया था। यह ATR-72 प्लेन था, जिसमें 68 यात्री और चार क्रू मेंबर सवार थे।

विमान पोखरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर लैंडिंग से महज 10 सेकेंड पहले पहाड़ी से टकरा गया था। इससे प्लेन में आग लगी और वह खाई में जा गिरा था। हादसे में सभी 72 लोगों की मौत हो गई थी। इससे पहले 29 मई 2022 को मस्टैंग जिले में एक एयरप्लेन क्रैश हुआ था। इस हादसे में 22 लोगों की मौत हुई थी।

# संसद में विपक्ष बोला- ये सरकार बचाओ बजट

## अभिषेक बनर्जी ने कहा- भाजपा के टारगेट पर अल्पसंख्यक; खड़गे ने सीतारमण को माताजी बताया

नई दिल्ली। एजेंसी



संसद में आज (24 जुलाई) मानसून सत्र का तीसरा दिन है। कल वित्त मंत्री ने बजट पेश किया था। बुधवार को सुबह सदन शुरू होने से पहले विपक्ष के नेताओं ने संसद के बाहर केंद्र सरकार के बजट के विरोध में प्रदर्शन किया।

INDIA ब्लॉक के नेताओं ने कहा- इस बजट से 90% देश गायब है। सिर्फ बिहार और आंध्र प्रदेश को खुश किया गया है, क्योंकि यहां के मुख्यमंत्रियों के भरोसे केंद्र की सरकार चल रही है। यह मोदी सरकार बचाओ बजट है।

लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद सदन में भी बजट को लेकर हंगामा हुआ। प्रश्नकाल में राज्यसभा में चर्चा के दौरान विपक्ष के नेताओं ने वॉकआउट किया। वे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ शेम-शेम का नारा लगाते हुए सदन से बाहर चले गए।

विपक्ष द्वारा बजट को भेदभाव वाला बताने पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- बजट में सभी राज्यों का नाम लेने का मौका नहीं मिलता। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष के नेता जानबूझकर ऐसे आरोप लगा रहे हैं, ताकि लोगों को लगे कि उनके राज्य को कुछ नहीं मिला। यह ठीक नहीं है।

# छत्तीसगढ़ विधानसभा घेरने निकले कांग्रेसी नहीं बढ़ सके आगे: पुलिस ने वॉटर कैनन चलाया

## कई कार्यकर्ता चोटिल; पायलट बोले-वो नींद में, हम जगाने आए

रायपुर। एजेंसी



छत्तीसगढ़ में कांग्रेसी बुधवार को विधानसभा का घेराव करने निकले। इस दौरान कांग्रेसियों को रोकने के लिए पुलिस ने 5 लेयर में बैरिकेडिंग की थी। हालांकि कार्यकर्ता पहली बैरिकेडिंग ही तोड़ सके। इसके बाद पुलिस ने उन्हें वॉटर कैनन का इस्तेमाल कर आगे बढ़ने से रोक दिया।

कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। बैरिकेड तोड़ने के दौरान मेयर ऐजाज ढेबर ने पुलिस से अभद्रता भी की। हालांकि प्रदर्शन में चोट लगने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई है। फिलहाल कार्यकर्ता और नेता विधानसभा तक नहीं पहुंच सके और पहली बैरिकेड के बाद लौट गए।

प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने स्कूलों में छुट्टी कर दी थी। इससे 15 हजार बच्चे आज स्कूल नहीं जा पाए। वहीं, मंडीगेट-मोवा रोड को शाम 5 बजे तक बंद कर रूट डायवर्ट किया गया है।

**प्रदर्शन में बारिश बनी रोड़ा, नहीं पहुंची भीड़:** दरअसल, प्रदेश में कानून व्यवस्था, बलौदाबाजार हिंसा, आदिवासी और किसानों सहित अन्य मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने विधानसभा घेराव कर ऐलान किया था।

# गरीब महिलाओं को 20 रुपये किलो बेचा टमाटर समाजवादी टमाटर

## दिव्यांग पंडित समरजीत ने अयोध्या में PDA टमाटर का स्टाल लगाया

अयोध्या। एजेंसी



अयोध्या में विधानसभा उप चुनाव की सरगर्मी के बीच भीषण महंगाई में समाजवादी PDA टमाटर 20 रुपये किलो गरीबों के बीच बेचकर गांव में राहत पहुंचाई गई। विधानसभा मिल्कीपुर क्षेत्र के ग्राम सभा बोडेपुर गरीब बस्ती में मैं समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव दिव्यांग पंडित समरजीत ने PDA टमाटर का स्टाल लगाया। कहा कि आज भाजपा सरकार में भीषण महंगाई से जनता में त्राहि त्राहि मची हुई है सब्जियों के साथ-साथ दाल, तेल तथा खाद्य सामग्री महंगाई में सातवें आसमान पर पहुंच चुका है।

**अखिलेश भैया का निर्देश है कि इस भीषण महंगाई में गरीब जनता को सपा कार्यकर्ता राहत पहुंचाएं-समरजीत:** उन्होंने कहा कि आज टमाटर सैकड़ा पर कर चुका है फिर भी सरकार के कानो में जू तक नहीं रेंग रही है टमाटर की बेतहाशा महंगाई को देखते हुए हमारे सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश भैया का निर्देश है कि इस भीषण महंगाई में गरीब जनता को सपा कार्यकर्ता राहत पहुंचाने का काम करते रहें।

आज इसी उद्देश्य को लेकर हमने समाजवादी PDA टमाटर ?20 किलो गरीब ग्रामीणों को मुहैया कराने का काम किए हैं।

# नौसेना के जहाज आईएनएस-ब्रह्मपुत्र में आग, झुंझुनूं का जवान शहीद: 2 दिन बाद शव मिला

## आखिरी बार भाई से कहा था-अब बात नहीं कर पाउंगा

पिलानी (झुंझुनूं)। एजेंसी

मुंबई में भारतीय नौ सेना के शिप आईएनएस ब्रह्मपुत्र में लगी आग में जलकर झुंझुनूं का एक जवान शहीद हो गया है। रविवार को मुंबई स्थित नेवल डॉकयार्ड में मरम्मत के दौरान आग लग गई थी, तब से झुंझुनूं का जूनियर नाविक सितेंद्र सिंह सांखला लापता थे।

23 साल के सांखला झुंझुनूं की सूरजगढ़ तहसील के डांगर गांव के रहने वाले थे। गुरुवार को उनके पैतृक गांव डांगर में अंतिम संस्कार किया जाएगा।



शव ढूंढने में 48 घंटे से ज्यादा लगे

सितेंद्र सिंह सांखला के चाचा पवन सिंह सांखला ने बताया- रविवार 21 जुलाई को आईएनएस ब्रह्मपुत्र के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद अगले दिन नेवी के अधिकारियों ने सूचना दी कि दुर्घटना के बाद से ही सितेंद्र लापता है। उसकी तलाश की जा रही है। बुधवार 24 जुलाई को तड़के 3 बजे सितेंद्र का शव नेवी के गोताखोरों ने निकाला।

शहीद के भाई मनेंद्र ने बताया कि रविवार रात को भाई सितेंद्र से आखिरी बार बात हुई थी। तब उसने कहा था कि जहाज पर आग लग गई है। तू घर पर बात कर लेना। अब मैं बात नहीं कर पाऊंगा।

क्या पता था कि उसके इन शब्दों के साथ ही जिंदगी भर उसके बिना रहना पड़ेगा।

दैनिक चम्बल नवराष्ट्र

भोपाल, गुरुवार 25 जुलाई 2024



# यह है विजयपुर नगर परिषद, लंबे समय से कीचड़ से परेशान मोहनपुरा के रहवासी





- पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष के निवास गली मे है लंबे समय से कीचड़
- जिम्मेदार बेखबर, कैसे स्वच्छता में अब्बल आए विजयपुर नगर परिषद




दिलीप कुशवाह

**विजयपुर( चम्बल नवराष्ट्र )।** कीचड़ से सनी सड़को से विजयपुर नगर परिषद के हालात हैं लंबे वर्षो से मोहनपुर के निवासी गंदगी एवं रास्ते से परेशान हैं लेकिन जिम्मेदार इस जिम्मेदारी से बेखबर नजर दिखाई दे रहे हैं विजयपुर के वार्ड क्रमांक 15 में मोहनपुरा स्थित श्मशान घाट नदी की ओर जाने वाले रास्ते में कीचड़ है जो लंबे समय से है लेकिन नगर परिषद विजयपुर इस कीचड़ से बिल्कुल अनजान दिखाई देती नजर आ रही है अब ऐसे में मोहनपुरा के रहवासी किस से गुहार लगाए कियॉकि कोई सुनने बाला नही है क्योंकि नगर परिषद विजयपुर को यह रहवासी कहीं बार आवेदन ज्ञापन दे चुके हैं लेकिन पीड़ितों की सुनने बाला कोई नही है अव पीड़ित क्या करे ।

**जिस रास्ते पर कीचड़ वहाँ पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष का है निवास:** इतना ही नहीं इस गली मे ही पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष का मकान भी है लेकिन विजयपुर नगर परिषद इस ओर ध्यान नहीं दे रही है बता दे यह वो रास्ता है जो वार्ड क्रमांक 15 मोहनपुरा में श्मशान घाट नदी की तरफ जाने वाला आम रास्ता है क्योंकि इसमें वार्ड के लोगों के मकान भी बने हुए हैं लंबे समय से यह लोग सड़क पर कीचड़ से मुक्ति पाने की कोशिश में है लेकिन यह बड़ी विडंबना बना है कि नगर परिषद विजयपुर स्वच्छता में अव्वल आने के लिए भरपूर कोशिश कर रही है लेकिन जब गंदगी ही सड़कों पर रहेगी तो अवल नगर परिषद कैसे स्वच्छता में आएगी।

**मोहनपुरा मे 400 रुपये खर्च कर निजी बोर से पी रहे पानी:** नगर परिषद विजयपुर के वार्ड क्रमांक 15 में लोग निजी पैसों को खर्च कर पानी पीने के लिए मजबूर हो रहे हैं लेकिन नगर परिषद की योजनाएं मुहैया नही हो पा रही है वार्ड के पार्षद सहित वार्ड वासियो ने कही बार अधिकारी सहित नेताओ को आवेदन दिए लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई है अब आवेदन देकर यह लोग थक गए है इस संबंध मे विजयपुर के नवागत सीएमओ अतर सिंह रावत के फोन पर कही बार फोन किए गए लेकिन उनका नंबर नोट रीचेबल आ रहा था।

## इनका कहना है

नगर में जो नई कॉलोनी बनी हुई है उनमें सारी सुविधाएं नगर परिषद के द्वारा दी जा रही है लेकिन यह पुरानी गली हैं पुराने वार्ड हैं उनमें कोई सुविधा नगर परिषद के द्वारा नहीं की गई है हम लोग ?400 महीना पैसे खर्च कर पानी पी रहे हैं पानी की भी सुविधा नगर परिषद वार्ड वासियों को नहीं करवा पा रही है।

**हरीकिसन कुशवाह**
**पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष**
**नगर परिषद विजयपुर**

हम पानी सहित रास्ते मे हो रही कीचड़ से काफी बर्षो से परेशान है ज्ञापन आवेदन भी दिए लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नही की गई है सिर्फ बोट मांगने ही नेता लोग आते है जनता की कोई नही सुनता है।

**बंटी कुशवाह रहवासी**

यह नगर परिषद अध्यक्ष की नाकामी है वार्ड 15 के लोग खरीद कर पानी पी रहे है जिस गली की आप बोल रहे है वहा पर कीचड़ बहुत है अभी टेंडर हो गया है लेकिन इंजीनियर नही होने से कार्य लटका हुआ है

**किरण संतकुमार शाक्य**
**पार्षद वार्ड 15 विजयपुर**

हा यह सही है इस रास्ते को लेकर वार्डवासी परेशान है अभी यहाँ की सड़क का टेंडर हो गया जल्द ही 21 लाख रुपये की लागत से इस सड़क का निर्माण कराया जायेगा।

**कमलेश कुशवाह**
**अध्यक्ष नगर परिषद**
**विजयपुर**

# जैन मिलन युवा शाखा जौरा द्वारा लगाए गए पौधे



**जौरा ( चम्बल नवराष्ट्र ) ।** आज जैन मिलन युवा एवम महिला शाखा जौरा द्वारा पारस आश्रम,जो कि जौरा और थरा के मध्य में स्थित है, वहां पौधे लगाए गए ।

इन पौधों में मीठा नीम, आम, जामुन, जामफल, बेलपत्र, अनार, आंवला आदि अन्य प्रकार के 15 पौधे शामिल थे।

खास बात इसमें यह रही कि सभी पौधों की सुरक्षा के लिए उनमें ट्री गार्ड भी लगाए गए।

साथ ही वहां पर उन पौधों को देखभाल करने के लिए व्यक्ति की नियुक्ति की गई जो पौधों के बड़े होने तक उनकी नियमित रूप से देखभाल करेंगे और साथ ही साथ उन्होंने खाद और पानी भी समय-समय पर डालते रहेंगे।

इस अवसर पर जैन मिलन शाखा जौरा के अध्यक्ष विकास जैन द्वारा सर्व समाज को संदेश देते हुए कहा गया कि सभी लोगों को बढ़ते हुए ग्लोबल वार्मिंग के खतरों को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा छायादार एवम फलदार पौधे अवश्य लगाने चाहिए और उनकी समुचित देखभाल और सुरक्षा करनी चाहिए।

साथ ही अध्यक्ष विकास जैन ने ये बताया कि लोग अपनी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए धन - दौलत, संपत्ति जोड़ते हैं लेकिन प्रश्न ये है कि यदि इनको सांस लेने के लिए शुद्ध हवा, पीने के लिए स्वच्छ पानी ही नहीं मिलेगा तो इनका भविष्य कैसे उज्ज्वल होगा। इसलिए आवश्यकता है कि पर्यावरण की रक्षा करें, प्रदूषण न करें, पानी बचाएं, वृक्ष लगाएं तभी इन नौनिहालों का भविष्य सुरक्षित रह सकता है।

इस अवसर पर जैन युवा मिलन जौरा से अध्यक्ष विकास जैन, संरक्षक विकास जैन (नेताजी),मंत्री शशांक जैन, कोषाध्यक्ष पारस जैन,सह मंत्री प्रदीप जैन, प्रचार मंत्री दिलीप जैन,अंकेक्षक संजीव जैन, महावीर जैन, अजय जैन,बनवारी जैन, विपिन जैन, गौरव जैन,महेश। जैन,सिद्धार्थ जैन,दयानंद वर्मा, रवि गोयल, दिनेश गर्ग,गिर्राज सिंघल, अरविंद पाराशर जैन मिलन महिला की ओर से अध्यक्ष कमलेश जैन, मंत्री भावना जैन, एवं मधु जैन बालिका मंडल से अध्यक्ष अंकिता जैन, सहमंत्री पीहू जैन, प्राची जैन आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अमानक बीज के भण्डारण, विक्रय तथा स्थानांतरण पर लगा प्रतिबंध

**मुरैना।** अमानक बीज के लॉट का जिले में भण्डारण, विक्रय तथा स्थानांतरण पर प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध बीज अनुज्ञापन पंजीयन अधिकारी एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक पीसी पटेल ने लगाया है। उप संचालक श्री पटेल ने जारी प्रतिबंधित आदेश में कहा है कि निर्माता कंपनी कोर्टेवा एग्री साइंस सीड्स प्रा.लि. तेलंगाना का बीज मैसर्स मंगल बीज भंडार सबलगढ़ से विक्रय किया जा रहा था। इसकी गुणवत्ता का नमूना लिया गया, जो परीक्षण के दौरान अमानक पाया गया है।

# जौरा में खेल युवा कल्याण विभाग मुरैना की तरफ से लगाए गए ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन



**जौरा (चम्बल नवराष्ट्र)।**

मुरैना खेल विभाग की तरफ से लगाए गए ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन आज ताइक्कांडो सेल्फ डिफेंस एकेडमी जौरा एसएएफ ग्राउंड जौरा में संपन्न किया गया जौरा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मोना गुप्ता ने बताया की जौरा में 30 दिवसीय ताइक्कांडो एवं एथलीट का निशुल्क समर कैंप खेल विभाग की तरफ से लगाया गया जिसका समापन आज अतिथियों द्वारा सर्टिफिकेट वितरण करके किया अतिथियों में श्रीराम त्यागी खेल प्रभारी , हेडमास्टर उत्तम सिंह, जिला ताइक्कांडो के सचिव मास्टर राहुल गुप्ता, एथलीट ट्रेनर गिर्राज बेस मौजूद रहे।

### सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ व विशेष स्वच्छता अभियान लगातार जारी

# सफ़ाई अभियान में सहयोग करने वाले युवा साथियों एव सफाई मित्रो को सम्मानित किया - स्वास्थ विभाग सभापति गौरव यादव

दिनेश मंडोवरा



**नागदा ( चम्बल नवराष्ट्र )।** केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों की पालना में नगर पालिका अध्यक्ष संतोष ओपी गेहलोत व मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में नागदा क्षेत्र में चल रहे सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

इसके तहत अलग-अलग स्थानों पर निकाय की टीम स्वच्छता सुनिश्चित करने के साथ ही नागरिकों को जागरुक भी कर रही हैं।

इसी कड़ी में आज डे केयर सेंटर पर नगर पालिका नागदा स्वास्थ विभाग के सभापति गौरव यादव ने नागदा को स्वच्छ सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान करने वाले युवा एव उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों का पुष्पमाला प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

श्री यादव ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता अपनाने के प्रति जागरूक किया तथा बताया कि स्वच्छता व स्वास्थ्य का सीधा संबंध होता है। अगर हमारे घर के साथ-साथ आसपास का क्षेत्र व शहर स्वच्छ रहेगा, तो हम सभी नागरिक भी स्वस्थ रहेंगे। यादव ने स्वच्छता अपनाओ-बीमारी भगाओ का संदेश दिया।

इस दौरान स्वच्छता निरीक्षक कन्हेलाल चौहान,स्वच्छता अभियान के संदीप चौहान, लक्की सेन, विकास, मोहित,आदि उपस्थित रहे।

## बारिश में बदहाल हुई सड़कों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**ग्वालियर (चम्बल नवराष्ट्र)।** कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान आज बारिश में बदहाल हुई सड़कों की हालत देखने निकलीं, उनके साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ साथ नगर निगम के अधिकारी भी थे, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पैच रिपेयरिंग तेजी से की जाये, किसी भी सड़क की शिकायत का निराकरण 24 घंटे में हो जाये और दिनभर की रिपेयरिंग की रोज एक रिपोर्ट बनाकर मुझे दी जाये।



### शहर की इन सड़कों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने बुधवार को सचिन तेंदुलकर मार्ग, अलकापुरी, नए हाईकोर्ट से विवेकानंद चौराहा, चेतकपुरी से आमखो तिराहा होते हुए महाराज बाड़ा, हनुमान चौराहा, जीवाजीगंज, बहोड़ापुर एवं शिंदे की छावनी क्षेत्र की सड़कों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त नगर निगम मुनीष सिकरवार, कार्यपालन यंत्री प्रदीप जादौन व सहायक यंत्री पैच रिपेयरिंग हसीन अख्तर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उनके साथ थे।

### जलभराव न हो, पानी की निकासी की बेहतर व्यवस्था की जाए

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने जोर देकर कहा कि शहर में जहां बारिश के दौरान जल भराव की स्थिति बनती है वहां पर पानी की निकासी की बेहतर व्यवस्था की जाए, जिससे वहां बहुत देर तक पानी जमा न रहे। साथ ही कहा कि जिन सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं वहां पर अभियान बतौर पैच रिपेयरिंग का कार्य कर गड्ढे भरवाएं। उन्होंने कहा कि व्यवस्था ऐसी बनी जाये कि शिकायत के बाद 24 घंटे में सड़क की रिपेयरिंग हो जाये उन्होंने निगम अधिकारियों से रोज पैच रिपेयरिंग कार्य की रिपोर्ट उन्हें भेजने के निर्देश भी दिए।

## व्हीआईएसएम कॉलेज में गुरूपूर्णिमा महोत्सव (व्यास पूजा) का हुआ आयोजन



**ग्वालियर (चम्बल नवराष्ट्र)।** व्हीआईएसएम ग्रुप आफ स्टडीज़ में गुरुपूर्णिमा महोत्सव (व्यास पूजा) का कार्यक्रम धूमधाम से आयेजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पंकज नाफडे, अखिल भारतीय संयुक्त महामंत्री भरतीय शिक्षण मंडल उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. हेमंत शर्मा अध्यक्ष ग्वालियर भरतीय शिक्षण मंडल ने की। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजंन से हुई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में छात्र-छात्राओं को बताया कि हमारे भारत में गुरू परम्परा व ज्ञान परंम्परा सदियों से चली आ रही है। परन्तु हम आज देख रहें है कि आनलाईन पढाई से छात्र अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पा रहा है क्योकि जब तक गुरू की छाया विद्यार्थी पर नहीं पड़ती उसको लक्ष्य प्राप्ति नही होती। कोरोना के समय विद्यार्थी की पढाई का बहुत नुकसान हुआ है। छात्र-छात्राओं को अपने गुरुओं का सम्मान करना चाहिए । इसके उपरान्त संस्था के चेयरमैन डॉ. सुनील राठौर ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से कहा कि एक ऐसा समय था कि गुरू की बात पत्थर की लकीर थी। गुरु शिष्य में एक अटूट बंधन था। गुरूओं ने अपनी आहूति देकर बताया कि हमें समाज को शिक्षित करना है, परन्तु धीरे -धीरे बदलाव आता गया हम गुरु शब्द ही भुल गए। आज भारत युवा देश है। आज के जो शिक्षक है वह चिन्तन मनन करते रहते है कि देश के युवा को शिक्षित करें जिससे हम अपने परिवार, राष्ट को संशक्त करें। इस मौके पर संस्थान की चेयरपर्सन श्रीमती सरोज राठौर, ग्रुप निदेशक डॉ. प्रज्ञा सिंह, नर्सिंग प्राचार्य सहित समस्त स्टॉफ व छात्र-छात्राऐं मौजूद रहें।

## ग्वालियर मेला परिसर के मैरिज गार्डन किराए पर देने के लिये ऑनलाइन टेण्डर प्रक्रिया शुरू

**ग्वालियर (चम्बल नवराष्ट्र)।** श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में स्थित विभिन्न मैरिज गार्डन को किराए पर देने के लिये मेला प्राधिकरण द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से टेण्डर आमंत्रित किए गए हैं। मेला परिसर के गार्डन किराए पर लेने के इच्छुक व्यक्ति एवं व्यवसायी ऑनलाइन पोर्टल https://mptenders.gov.in पर 13 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही इसी पोर्टल से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि मेला परिसर में कुसमाकर रंगमंच गार्डन, भगतसिंह गार्डन, चंद्रशेखर गार्डन, मंगल वाटिका व मृगनयनी गार्डन ऑनलाइन टेण्डर प्रक्रिया के माध्यम से किराए पर दिए जाने हैं।

## कैट की संभागीय बैठक संपन्न

**ग्वालियर (चम्बल नवराष्ट्र)।** और चंबल संभाग के विभिन्न ज़िलों ग्वालियर ,डबरा , दतिया ,गुना, अशोकनगर, शिवपुरी ,भिंड, मुरेना एवं श्योपुर के पदाधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन किया गया .कार्यशाला को कैट प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन , प्रदेश महामंत्री रवि गुप्ता एवं संभागीय महामंत्री मुकेश जैन ने संबोधित किया . उन्होंने अपने संबोधन में पदाधिकारियों को संस्था के उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी और सदस्यों की बेहतर सेवा और संगठन को मज़बूत बनाने पर बल दिया . ज़िले के सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्र में की जा रही गतिविधियों और प्रगति के बारे में जानकारी दी . इस कार्यशाला में ग्वालियर से दीपक पमनानी एवं राहुल अग्रवाल भिंड से संजीव जैन एवं अमित जैन दतिया एवं डबरा से सुजीत अग्रवाल, जितेंद्र जैन,एवं प्रज्वल गुप्ता , श्योपुर से नरेश कुमार जिंदल,मनोज गुप्ता एवं कमलेश अग्रवाल , मुरैना से संजय अग्रवाल, श्याम जैन एवं नवल अग्रवाल गुना से राजेश अग्रवाल आदि ने भाग लिया।



## वृक्ष हमें और आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक है - दीप्ति

**ग्वालियर (चम्बल नवराष्ट्र)।** एक पेड मॉं के नाम नारी शक्ति की पुकार संस्था के द्वारा रामश्री इंटरनेशनल स्कूल में 100 पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया गया । कार्यक्रम में स्कूल के डायरेक्टर विजय गुप्ता , प्रिंसिपल श्रीमती अश्विनी तम्बत स्कूल ने स्टाफ एवम बच्चों के साथ वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से श्रीमती सीमा समाधिया ,रजनी भदोरिया , अंजू भदोरिया एवम् रेनू जैन उपस्थित थी। संस्था की सचिव दीप्ती सांघी ने कहा कि सभी लोग न केवल वृक्ष लगाए बल्कि उसके परवरिश का संकल्प भी ले।





## चरित्र संदेह में पत्नी की हत्या कर शव को खेत में दफन करने वाले पति व देवर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** जनवेद सिंह किरार पुत्र लक्ष्मीनारायण किरार निवासी किरार मौहल्ला जौरासी थाना बिलौआ जिला ग्वालियर ने दिनांक 11.07.2024 को घर से अपनी पत्नी प्रगति किरार उम्र 33 साल के गायब होने की सूचना दी थी, जिस पर से थाना बिलौआ में 18/24 गुमशुदगी कायम कर जांच की गई। दौराने जांच थाना बिलौआ पुलिस को गुमशुदा प्रगति किरार के अचानक गायब होने की घटना संदेहास्पद लगी। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिस पर से पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/यातायात/अपराध) श्री षियाज़ के.एम.(भापुसे) एवं अति0 पुलिस अधीक्षक शहर(पश्चिम) श्री गजेन्द्र सिंह वर्धमान को क्राईम ब्रांच व थाना बिलौआ पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर उक्त मामले की जांच कर गुमशुदा महिला की पतारसी करने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में एएसपी अपराध श्री आयुष गुप्ता(भापुसे), डीएसपी अपराध श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार एवं एसडीओपी ग्रामीण श्री चन्द्रभान सिंह चढ़ार के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरीक्षक अजय सिंह पंवार एवं थाना प्रभारी बिलौआ निरीक्षक अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस की संयुक्त टीम को उक्त मामले की जांच हेतु लगाया गया। दौराने जांच पुलिस टीम ने गुमशुदा महिला के मायके पक्ष के लोगों से पूछताछ की गई तो ज्ञात हुआ कि उसका पति आये दिन उसके साथ मारपीट करता था और उसे जान से मारने की धमकी भी देता था।


## डोर टू डोर वाहन के हेल्पर प्रत्येक घर से लें जिला सूखा कचरा अलग-अलग

**ग्वालियर।**- शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम आयोग श्री हर्ष सिंह के निर्देश पर उपयुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली । बैठक में निर्देश दिए गए की डोर टू डोर वाहन पर चलने वाले हेल्पर प्रत्येक घर में जाकर आमजनों को गीला सूखा कचरा अलग-अलग देने की समझाइए देंगे । साथ ही उनसे गिला सूखा कचरा भी अलग-अलग लेकर डोर टू डोर वाहनों के अलग-अलग रैक में डालेंगे। उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए की शहर में कहीं भी कचरे के ढेर नहीं दिखना चाहिए। साथ ही जिन डोर टू डोर वाहन के जिंगल नहीं बज रहे हैं उन्हें तत्काल कार्यशाला में वाहन को ले जाकर ठीक कराए।

## खड़े ट्रक में घुसा ट्रक, दो की मौत

### चंबल से रेत भरकर जा रहा था ट्रक

**ग्वालियर।** अवैध रेत से भरे ट्रक को तेज रफ्तार ले जा रहे चालक ने पहले पुलिस स्टॉपर में टक्कर मारी और फिर सड़क किनारे खड़े एक अन्य ट्रक में जा घुसा। टक्कर इतनी तेज थी कि क्लीनर साइड ट्रक दूसरे ट्रक में जा फंसा और उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। हादसा घाटीगांव थाना क्षेत्र के सिमरिया तिराहे की है। हादसे का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और करीब आठ घंटे की मशक्कत के बाद मृतकों को दुर्घटनाग्रस्त ट्रका से बाहर निकाला। वहीं हादसे के बाद चालक गायब है। पुलिस पता लगा रही है कि हादसे का शिकार वाहन का चालक किस स्थिति में है। घाटीगांव थाना प्रभारी सुरेन्द्रनाथ सिंह यादव ने बताया कि बीती रात सूचना मिली थी कि सिमरिया टेकरी के पास एक तेज रफ्तार ट्रक दूसरे ट्रक में जा घुसा हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की तो पता चला कि एक युवक की मौत हो गई है, जबकि एक अन्य घायल है जो ट्रक में फंसा हुआ है। इसका पता चलते ही पुलिस ने टीम के साथ ट्रक में से उन्हें निकालने का प्रयास किया, लेकिन बुरी तरह से बॉडी फंसी होने के चलते वह सफल नहीं हुए। मृतक और घायल को निकालने के लिए पुलिस ने पहले एक ट्रैक्टर से प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए तो ट्रक की मदद ली, लेकिन बात नहीं बनी तो फिर क्रेन बुलवाई, तब कहीं मृतकों के शव बाहर निकाले जा सकें। पुलिस ने मृतकों के शव पीएम हाउस रवाना भेज दिये हैं। पुलिस जब मौके पर पहुंची थी तो एक युवक जीवित था और उसे बचाने के लिए पुलिस ने आठ घंटे तक मशक्कत की, लेकिन वह इतनी बुरी तरह से फंसा हुआ था कि उसे ट्रैक्टर और ट्रक की मदद से निकालने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हुए, इसके बाद क्रेन बुलवाई, तब कहीं उसे बाहर निकाला जा सका, लेकिन तब तक उसने दम तोड़ दिया था।



## संपादकीय

# रोजगारोन्मुखी बजट

मोदी सरकार की तीसरी पारी के पहले आम बजट में रोजगार के लक्ष्यों को प्राथमिकता दी गई है। दरअसल, हाल ही के लोकसभा चुनावों में भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन के मूल में रोजगार संकट बड़ी वजह बताया गया। तभी तीसरी पारी के बजट का मूलमंत्र रोजगार सृजन रहा। कहीं न कहीं युवा मतदाताओं को संतुष्ट करने हेतु बजट में नौकरियों व कौशल विकास को प्राथमिकता दी गई है। इसी क्रम में विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन हेतु योजना लाई गई। महत्वपूर्ण बात यह कि अगले पांच सालों में करीब एक करोड़ युवाओं के कौशल विकास हेतु शीर्ष पांच सौ कंपनियों में इंटर्नशिप के मौके मुहैया कराने की घोषणा की गई। वहीं दूसरी ओर औपचारिक क्षेत्र के कार्यबल का हिस्सा बनने पर युवाओं को एकमुश्त राशि का योगदान भविष्य निधि में किया जाएगा। मोदी सरकार की तीसरी पारी में रोजगार को प्राथमिकता का पता इस बात से चलता है कि पांच योजनाओं के जरिये रोजगार व कौशल विकास के लक्ष्यों को हासिल करने के लिये दो लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। निस्संदेह, कौशल विकास को प्राथमिकता की योजना एक सार्थक कदम है, लेकिन यह सरकार की प्रतिबद्धता व उद्योगों के सहयोग पर निर्भर करेगा। नई नौकरियों की सृजन क्षमता रखने वाले सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यमों पर बजट में विशेष ध्यान दिया गया। यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत की सोच के साथ ही वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और नई नौकरियां पैदा करने में सक्षम होगा। कहीं न कहीं अपने मूल मध्यमवर्गीय वोट बैंक के दृष्टिगत वेतनभोगी कर्मियों को कर में राहत व सेवानिवृत्त कर्मियों की पेंशन में मानक आयकर कटौती की सीमा घटाकर संबल दिया गया। इस कदम से चार करोड़ कर्मियों व पेंशनभोगियों का फायदा होने की बात कही जा रही है। वहीं गठबंधन धर्म का पालन करते हुए बिहार व आंध्रप्रदेश के सत्तारूढ़ दलों की आकांक्षा के अनुरूप विशेष वित्तीय पैकेजों की घोषणा अपरिहार्य थी। बहरहाल, राजग सरकार ने कृषि क्षेत्र के विकास लिये नया रोडमैप इस बजट के माध्यम से देश के सामने रखा है। सरकार की दूसरी पारी में लंबे चले किसान आंदोलन के सबक और नये आंदोलन की सुगबुगाहट के बीच में केंद्र ने किसान व कृषि को अपनी प्राथमिकताओं में रखा है। बजट के जरिये किसानों की आय में स्थिरता, उत्पादकता व आर्थिक विकास के लक्ष्य को हासिल करने पर बल दिया है। खासकर जलवायु परिवर्तन के संकट से जूझती खेती को कवच प्रदान करने की कोशिश है। दो साल के भीतर एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के लिये तैयार करने की योजना है। करीब दस हजार जैव निवेश संसाधन केंद्रों के जरिये प्राकृतिक खेती के लक्ष्यों को पाया जाएगा। हाल के दिनों में प्रतिकूल मौसम व भंडारण केंद्रों के अभाव में उपभोक्ताओं को महंगाई व किसान को नुकसान का सामना करना पड़ा है। इस मकसद से सब्जी उत्पादन बढ़ाने और आपूर्ति शृंखला को सुव्यवस्थित करने हेतु बजट में किसान उत्पादक संगठनों,सहकारी समितियों और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। ये संस्थाएं सब्जियों के संग्रहण, भंडारण और विपणन में सार्थक भूमिका निभाते हुए किसानों को बेहतर दाम दिलाने का प्रयास करेंगी। साथ ही फसलों को होने वाला नुकसान कम किया जाएगा। इसके अलावा उन फसलों व बागवानी की किस्मों को बढ़ावा देने का संकल्प है जो जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव को निष्प्रभावी बनाकर स्थिर कृषि उत्पादन सुनिश्चित कर सकें।

# ग्राम पंचायत नसोबर्री, गोलाखेड़ा एवं बापचा में मनरेगा में हो रहे भ्रष्टाचार पर प्रशासन ने साधी चुप्पी

## लटेरी जनपद के अधिकारियों की हठधर्मिता के चलते शासन को लग रहा लाखों का चूना







## मजदूरों के फर्जी मस्टर भरने के मामले में एक सप्ताह बाद भी कोई कार्रवाई नहीं

विनोद कुशवाह

**लटेरी ( चम्बल नवराष्ट्र )।** विदिशा जिले की लटेरी तहसील में ग्राम पंचायत नसोबर्री, गोलाखेड़ा एवं बापचा में सरपंच सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा मनरेगा योजना में जमकर हेराफेरी की जा रही है। ग्राम पंचायत के नुमाइंदों द्वारा मजदूरों के फर्जी मस्टर भरकर शासन को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। दरअसल लटेरी की इन तीनों ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में मजदूर नहीं लगाए जा रहे।

जबकि उन मजदूरों की हाजिरी लगाकर उनके खातों में भुगतान किया जा रहा है। पंचायत द्वारा जिन मजदूरों के नाम मस्टर में भरे जा रहे हैं वह मजदूरी करने जाते ही नहीं है। दैनिक चम्बल नवराष्ट्र द्वारा इस संबंध में एक खबर भी प्रकाशित की जा चुकी है लेकिन अधिकारियों के कान में अभी तक जूं नहीं रेंगी है। अधिकारियों के खुले संरक्षण के कारण सरपंच सचिवों के हौंसले बुलंद है।

आलम यह है कि मनरेगा में चल रही मनमानी को देखते हुए तो यह प्रतीत होने लगा है कि इस भ्रष्टाचार में विभाग के अधिकारियों की मौन स्वीकृति है। विगत एक सप्ताह में दैनिक चम्बल नवराष्ट्र ने लटेरी विकासखंड की तीन ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया तो उन पंचायतों में निर्माण स्थल पर मजदूर काम करते हुए नहीं मिले। वहीं ग्राम पंचायत द्वारा संबंधित दिवस की मजदूरी उनके खाते में डाल दी गई।

### क्या है मामला

लटेरी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत नसोबर्री में मनरेगा के तहत जावती रोड की पुलिया के समीप ग्रेवियन निर्माण किया जा रहा है। इसी पंचायत में कीलनखेड़ी रोड की पुलिया के पास भी ग्रेवियन निर्माण कार्य चल रहा है। इस कार्य में दिनांक 14 जुलाई को पंचायत द्वारा मनरेगा पोर्टल पर में 25 मजदूर दर्शाए गए। कार्य की सच्चाई जानने के लिए 14 जुलाई को दैनिक चम्बल नवराष्ट्र की टीम जब मौके पर पहुंची तो वहां एक भी मजदूर काम करते हुए नहीं पाया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत गोलखेड़ा में छोगीलाल साहू के खेत के पास ग्रेवियन निर्माण का कार्य चल रहा है। इस कार्य में गोलाखेड़ा पंचायत के सरपंच सचिव द्वारा 22 मजदूर मनरेगा पोर्टल दर्ज किए हैं। जबकि चम्बल नवराष्ट्र की पड़ताल में किया लेकिन मौके पर एक भी मजदूर काम करते हुए नहीं मिला।

ग्राम पंचायत द्वारा इन मजदूरों के खाते में शासन द्वारा निर्धारित मजदूरी के आधार पर भुगतान भी किया जा रहा है। लेकिन वास्तविकता में मौके पर कोई मजदूर काम नहीं कर रहे। ग्रामीणों के मुताबिक सरपंच सचिव और रोजगार सहायक मिलकर मजदूरों के झूठे और फर्जी मस्टर चढ़कर शासन को चूना लगा रहे हैं। कुछ यही हाल ग्राम पंचायत बापचा में देखने को मिले। 13 जुलाई को दैनिक चम्बल नवराष्ट्र की टीम रिएलिटी चेक करने ग्राम पंचायत बापचा में पहुंची तो मनरेगा के तहत किए जा रहे निर्माण स्थल पर एक भी मजदूर काम करते नहीं दिखाई दिया।

जबकि ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा पोर्टल पर 33 मजदूरों को काम करना बताया गया है। कुल मिलाकर देखा जाए तो मनरेगा में सरपंच सचिव और रोजगार सहायक आपसी मिलीभगत से न सिर्फ शासन को गुमराह कर रहे बल्कि उन भोले भाले मजदूरों को चूना लगाकर उनका हक मार रहे हैं। यहां जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के उन अधिकारी कर्मचारियों की कार्यप्रणाली भी संदेह के घेरे में है जो आंखे बंद करके सारा तमाशा देख रहे हैं। इन मामलों में मनरेगा के उन जिम्मेदारों की भी मिलीभगत दिखाई पड़ती है जो निर्माण कार्यों की मौके पर जाकर समीक्षा नहीं करते।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अग्रदूत पोर्टल लांच किया

## मुख्यमंत्री ने दिया लाड़ली बहनों को भेजा राखी की सौगात वाला पहला मैसेज



**भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार पारदर्शिता के साथ नागरिकों तक पहुंच बनाने एवं लाभार्थियों को योजनाओं संबंधी जानकारी भेजने के लिए संचार क्रांति का बेहतर उपयोग कर रही है। आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार किए अग्रदूत पोर्टल को लॉंच किया है। सूचना ही शक्ति है के मंत्र को सार्थक करने वाला अग्रदूत पोर्टल अपने आप में अद्भूत पहल है। किसी भी राज्य के जनसंपर्क विभाग द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं त्वरित सूचनाओं के लिए इस तरह की अभिनव पहल पहली बार की गई है। लांचिग के अवसर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पहला मैसेज लाडली बहनों को भेजा। यह मैसेज सावन में रक्षाबंधन के शगुन स्वरूप 1 अगस्त को लाडली बहनों के खातों में 250 अंतरित करने संबंधी है ।

## सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ व विशेष स्वच्छता अभियान लगातार जारी

# सफ़ाई अभियान में सहयोग करने वाले युवा साथियों एव सफाई मित्रो को सम्मानित किया - स्वास्थ विभाग सभापति गौरव यादव

दिनेश मंडोवरा

**नागदा ( चम्बल नवराष्ट्र )।** केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना में नगर पालिका अध्यक्ष संतोष ओपी गेहलोत व मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में नागदा क्षेत्र में चल रहे सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत अलग-अलग स्थानों पर निकाय की टीम स्वच्छता सुनिश्चित करने के साथ ही नागरिकों को जागरुक भी कर रही हैं। इसी कड़ी में आज डे केयर सेंटर पर नगर पालिका नागदा स्वास्थ विभाग के सभापति गौरव यादव ने नागदा को स्वच्छ सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान करने वाले युवा एव उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों का पुष्पमाला प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्री यादव ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता अपनाने के प्रति जागरूक किया तथा बताया कि स्वच्छता व स्वास्थ्य का सीधा संबंध होता है। अगर हमारे घर के साथ-साथ आसपास का क्षेत्र व शहर स्वच्छ रहेगा, तो हम सभी नागरिक भी स्वस्थ रहेंगे। यादव ने स्वच्छता अपनाओ-बीमारी भगाओ का संदेश दिया। इस दौरान स्वच्छता निरीक्षक कन्हेलाल चौहान,स्वच्छता अभियान के संदीप चौहान, लक्की सेन, विकास, मोहित,आदि उपस्थित रहे।

# टीकमगढ़ में कपड़ा शोरूम में लगी आग, तीसरी मंजिल पर फंसे बुजुर्ग दम्पत्ति की दम घुटने से मौत

**टीकमगढ़ ( चम्बल नवराष्ट्र ) ।** जिला मुख्यालय स्थित एक कपड़ा शोरूम में बुधवार सुबह अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने तीन मंजिला इमारत को अपनी चपेट में ले लिया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में तीसरी मंजिल पर रहे बुजुर्ग दम्पत्ति की दम घुटने से मौत हो गई। आग पर काबू पाने के दोनों के शव बाहर



निकालकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, घटना बुधवार सुबह 5.30 बजे की है। अस्तोन एम्पोरियम नाम के कपड़ा शोरूम के सामने रहने वाली पूनम जायसवाल सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से बाहर निकली तो उन्हें शोरूम से धुआं निकलते देखा। इसके बाद उन्होंने मोहल्ले वालों को बुलाकर शोरूम मालिक और पुलिस को फोन किया। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां और पुलिस मौके पर पहुंच गई। शोरूम में सुबह ग्राउंड फ्लोर पर लगी आग ने कुछ ही सेकंड में ऊपर की तीन मंजिल को भी चपेट में ले लिया।

# धनुर्वेदी हिन्दू साही अखाडा फाउंडेशन का सिला पूजन सम्पन्न



रोहित चौहान

**देपालपुर (चम्बल नवराष्ट्र)** । गुरु पूर्णिमा पर कई कार्यक्रम हुऐ इसमें धनुर्वेदी हिन्दू साही अखाडा फाउंडेशन मप्र, ने सिला पूजन कार्यक्रम, पीथमपुर सामुदायिक भवन सी सी पावर पर रखा जिसमे मुख्य अतिथि, हिन्दू टाईगर राजा सिँह रहे, उनका भव्य स्वागत किया गया, अखाडा के पहलवान कमल पटेल ने माला और श्री फल से सम्मान किया राजासिंह ने अपने सम्बोधन में संगठन और संगठन की सक्ति पर उद्बोधन दिये उन्होंने बताया, संघ सक्ति कलयुगे जब जब समाज में असामाजिक ताकतें बढ़ेगी तो संगठन ही काम आता हैं, हमेशा हिन्दूत्व की अलख जगाने वाले, टाइगर राजा सिंह ने कई बार जय श्री राम, के नारों से पूरा होल गूंजा दिया,महिलाओ को अपनी सुरक्षा और बड़ रहे समाज में अपराध पर भी बताया की अपनी सुरक्षा कैसे कर सकती हैं,दुर्गा वाहिनी मे महिलाओ बच्चीयों को अधिक से अधिक जोड़ो और इनको आत्म निर्भर बनाओ और लव जेहादी मानसिकता को मुँह तोड़ जवाब दो और अखाडा के माध्यम से शरीर के साथ साथ समाज को भी संगठन से जोड़ सकते हैं।

दैनिक चम्बल नवराष्ट्र

भोपाल, गुरुवार 25 जुलाई 2024



# NCCF की चना खरीदी में गड़बड़ी की आशंका! क्वालिटी की जांच कराएगी एजेंसी

## अशोकनगर मंडी में सीजन में आया कुल 12 हजार क्विंटल चना, NCCF ने खरीद लिया चार गुना अधिक

राहुल जैन (सहायक संपादक)

**भोपाल/ अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)।** केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा मध्यप्रदेश में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (NCCF) एवं भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (NAFED) को किसानों से चना खरीदी करने का जिम्मा सौंपा है लेकिन अशोकनगर जिले में चने की खरीदी में भारी गड़बड़ी की आशंका है। बताया जा रहा है कि अशोकनगर के जिन पांच वेयरहाउस में चना का भंडार किया गया है उनमें चने की क्वालिटी निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नहीं है। इस हेराफेरी में सर्वेयर की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। हालांकि NCCF के वरिष्ठ अधिकारी इस मामले में एक जांच कमेटी बनाकर अशोकनगर भेजने की बात कह रहे हैं। सूत्रों की मानें तो अशोकनगर में दो एजेंसियों के माध्यम से हुई खरीदी में चने में निर्धारित मात्रा से अधिक नमी एवं कचरी मिट्टी मिली हुई है जिसकी जांच होना आवश्यक है।

### मंडी की आवक से चार गुना अधिक हुई खरीदी-

भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (NCCF) द्वारा किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए मध्यप्रदेश में दलहन तिलहन के साथ प्याज एवं टमाटर की खरीद की जाती है। प्रदेश में हुई बंपर पैदावार के चलते किसानों को चने का उचित दाम दिलाने के उद्देश्य से NCCF एवं NAFED द्वारा प्रत्येक जिले में चने की खरीदी के लिए लोकल स्तर पर एजेंसियों को चुना गया है। अशोकनगर जिले में इन दोनों एजेंसियों द्वारा करीला धाम एग्रो एवं न्यूज एग्रीकल्चर को चना खरीदी का जिम्मा दिया गया है। इन दोनों लोकल एजेंसियों के द्वारा किसानों से चना खरीदकर NCCF के पास गया। साथ ही खरीदे गए अनाज का पैसा डीबीटी के माध्यम सीधा किसानों के खाते में अंतरित किया गया। अशोकनगर कृषि उपज मंडी के विगत तीन माह के आंकड़े बताते हैं कि इस रबी सीजन में कुल 12 हजार क्विंटल चना ही विक्रय हेतु आया है। जिसमे अशोकनगर मंडी की सभी फर्मों में अनुबंध काटे गए हैं। लेकिन यदि NCCF की खरीदी के आंकड़े देखें जाएं तो इस केंद्रीय एजेंसी द्वारा लगभग 50 हजार क्विंटल चने की खरीदी अब तक की गई है। यहां सोचने योग्य बात यह है कि जब अशोकनगर कृषि उपज मंडी में ही इतनी कम मात्रा में चना की आवक हुई तो फिर NCCF द्वारा इतनी बड़ी मात्रा में चना कहां से खरीद लिया गया।






### क्वालिटी चेक में सामने आ जाएगा सच

शहर के बस स्टैंड स्थित मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन, कबीरा रोड स्थित किसान वेयरहाउस, पिपरई रोड स्थित सुंदरम वेयरहाउस, अमरोद रोड स्थित जय माधव वेयरहाउस, एवं तूमैन रोड स्थित विकास वेयरहाउस में NCCF द्वारा चने का संग्रहण किया जा रहा है। इस पूरे सीजन में एजेंसी द्वारा अब तक लगभग 50 हजार क्विंटल चना खरीदा गया है। सरकार द्वारा तय मापदंडों के मुताबिक चने में 11 से 12 प्रतिशत से अधिक नमी नहीं होना चाहिए लेकिन इन वेयरहाउसों में रखे गए चने में नमी की मात्रा तय मापदंडों से कहीं ज्यादा है। साथ ही चने में मापदंडों के विपरित कचरी और मिट्टी की मात्रा भी अधिक बताई जा रही है। हालांकि सर्वेयरों द्वारा इस चने को एप्रूवल कैसे दिया जा रहा है यह तो समझ से परे है। यदि केंद्रीय एजेंसी द्वारा संग्रहण एम रखे गए चने की क्वालिटी टेस्टिंग कराई जाती है तो अशोकनगर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आ सकता है।

### क्या बोले NCCF के अधिकारी...

आपके द्वारा जो भी तथ्य बताए गए हैं उन तथ्यों के आधार पर एक जांच कमेटी बनाई जा रही है। यह जांच कमेटी अशोकनगर जिले में हुई चने की खरीदी की जांच करेगी। यदि फर्जीवाड़ा हुआ है तो सर्वेयरों के साथ संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।

**अपर्णा सिंह,**
**ब्रांच मैनेजर,**
**NCCF भोपाल**

# वेतनमान निर्धारण और अटैचमेंट समाप्त करने की मांग

## आजाद अध्यापक संघ ने दिया ज्ञापन



**गुना।** आजाद अध्यापक संघ मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी गुना को ज्ञापन देकर मांग की है कि जिन प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक, उच्च माध्यमिक शिक्षक के प्रथम, द्वितीय व समयमान वेतनमान के प्रस्ताव कार्यालय में विचाराधीन है या पेंडिंग है उनके आदेश जारी किए जाएं। वहीं प्राथमिक शिक्षकों की 12 एवं 24 वर्ष के क्रमोन्नति के जो छूटे हुए, शेष ब्लॉकों के प्रकरण है उनके भी निराकरण करते हुए क्रमोन्नति का लाभ देने के आदेश जारी करें। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदक्रम सूची जारी की जाए। जो शिक्षक लोकसेवक कहीं भी गैर शिक्षण कार्यों में संकुलों, विकासखंड में कार्यालय में बीआरसी में या व्यवस्था में अधिकारी के मौखिक निर्देश पर या ऑन ड्यूटी के आधार पर कार्य कर रहे हैं उन्हें शालाओं में पूर्ण कार्य दिवस शिक्षण करने हेतु निर्देश करें। आगामी समय में राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे 2024 का आयोजन होना है। समस्त लोक सेवकों को जुलाई 23 से फरवरी 24 तक की बढ़े हुए महंगाई भत्ते की एरियर की पहली किस्त का भुगतान किया जावे। माध्यमिक शिक्षक संवर्ग को 12 एवं 24 पर क्रमोन्नति के प्रस्ताव संयुक्त संचालक ग्वालियर की ओर भेजे जाएं। भृत्य एवं चपरासी का पदनाम कार्यालय सहायक किया जावे। जो क्रमन्नति के आदेश जारी हो गए हैं उनका वास्तविक लाभ देने हेतु संकुल केंद्रों, आहरण अधिकारियों को निर्देशित किया जाये।

# कोतवाली, राघौगढ़ और आरोन थानांतर्गत तीन मोटर सायकिलें हुई चोरी

**गुना।** जिलेभर में मोटर सायकिल चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। अब शहर के ह्दय स्थल जयस्तंभ चौराहा स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर, राघौगढ़ बस स्टैंड एवं आरोन की रघुवंशी धर्मशाला से तीन मोटर सायकिलें चोरी हुई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के जयस्तंभ चौराहा स्थित सत्यनारायण मंदिर के दर्शन करने गए एक श्रद्धालु की बाईक अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। जबकि मंदिर से चंद कदमों की दूरी पर यातायात पुलिस चौकी एवं सिटी कोतवाली है। मामले में फरियादी हीरालाल पुत्र ओमकारलाल लोधा निवासी पठार मोहल्ला ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि गत सुबह 8 बजे वह रोजाना की भांति जयस्तंभ पर सत्यनारायण मंदिर पर दर्शन करने आया था। यहां उसने अपनी मोटरसाईकिल एमपी 08 एमक्यू 6337 को लॉक करके मंदिर के बाहर रख दिया था। जब वह थोड़ी देर बाद दर्शन करके वापस लौटा तो उसकी बाईक गायब थी। जिसे उसने आसपास काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

# कारगिल विजय दिवस की तैयारियों को लेकर युवा मोर्चा की बैठक सम्पन्न

**गुना।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा आगामी 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ मना रहा है। जानकारी के अनुसार भाजपा के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर 25 एवं 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में बनाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसकी तैयारियों को लेकर युवा मोर्चा अध्यक्ष वीरेंद्र धाकड़ के मार्गदर्शन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष श्री धाकड़ ने जानकारी देते हुए कहा कि 25 जुलाई को सुबह 8 बजे अमर जवान ज्योति लाल परेड मैदान पर शहीदों की याद में अखंड विजय दीप प्रज्वलित किया जाएगा। तत्पश्चात गुरुवार की सायंकाल 6 बजे भाजपा कार्यालय हाट रोड से एक विशाल मशाल रैली निकाली जाएगी। जो निचला बाजार, सदर बाजार होते हुए जयस्तंभ चौराहा पर शहीदों को याद करते हुए मशाल रैली का समापन होगा। अगले दिवस शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ पर सुबह 8 बजे अमर जवान ज्योति लाल परेड मैदान पर शहीदों को पुष्पांजलि एवं शहीद हुए परिवारोंजनों का स मान समारोह किया जाएगा। साथ ही शहीदों की याद में पौधारोपण कर वक्ताओं द्वारा शहीदों को याद किया जाएगा। जिसको लेकर शहर के गणमान्य जनों एवं युवा साथियों से स मलित होने का आग्रह किया गया है। बैठक में युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री शैलेंद्र रघुवंशी, युवा मोर्चा महामंत्री विक्की छारी, रवि गुर्जर, कार्यक्रम प्रभारी गौरव यादव, आयुष जैन, संगम सोनी, विनोद लोधा, विनोद दिवान, अभिषेक धाकड़, ओमप्रकाश कुशवाह, शुभम रघुवंशी, नितेश भार्गव, अरविंद धाकरे, विवेक भार्गव, चंद्र भान बारेला, विकास शर्मा सहित बड़ी सं या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आजाद की जयंती मनाने के दौरान भिड़े छात्र, एबीवीपी कार्यकर्ता की शिकायत पर डीएसओ के चार कार्यकर्ताओं पर मामला दर्ज

## विरोध में हनुमान चौराहे पर डीएसओ ने किया प्रदर्शन, बोले- एबीवीपी की गुंडागिर्दी के आगे नतमस्तक प्रशासन

**गुना।** पीजी कॉलेज में शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती मना रहे छात्र संगठन डीएसओ और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। उक्त मामले में कैंट पुलिस ने विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता की शिकायत पर डीएसओ कार्यकर्ताओं पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। इधर कैंट थाने में हुई एफआईआर के खिलाफ डीएसओ ने बुधवार को नपा गेट के सामने हाट रोड पर बरसते पानी में प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस दौरान डीएसओ ने एफआईआर वापस लेने की मांग की। इस मामले में कैंट पुलिस ने फरियादी अंकित शर्मा पिता कमल किशोर शर्मा निवासी आदर्श कालोनी की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। अंकित के अनुसार गत दिवस वह पीजी कालेज में पढ़ाई के संबंध मे जानकारी लेने गया था। वहीं पर उसे एआईडीएसओ के कार्यकर्ता दीनू कुशवाह, शुभम राव, दिनेश सेन, प्रहलाद आदि मिले और उसे एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का पंपलेट देकर




उससे अवैध रुप से दो रुपये मांगने लगे। जब उसने पैसे देने से मना किया तो यह चारों लोग अभद्र भाषा और गाली गलौंच कर उसके साथ मारपीट कर दी। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर चारों डीएसओ कार्यकर्ताओं पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

एफआईआर के दूसरे दिन बुधवार को डीएसओ ने इसे विद्यार्थी परिषद की गुंडागिर्दी बताते हुए परिषद के आगे प्रशासन को नतमस्तक होना बताया। घटना के खिलाफ डीएसओ ने नपा गेट के सामने प्रदर्शन किया। डीएसओ के अनुसार वह चंद्रशेखर आजाद की 118 वीं जयंती के उपलक्ष्य में वह पीजी कॉलेज परिसर में आम छात्रों के साथ शहीदों को याद करने का कार्यक्रम कर रहे थे। इस दौरान कई छात्र आजाद के विचार पोस्टर और क्रांतिकारियों के जीवन से जुड़े साहित्य को भी आम छात्रों-शिक्षकों से लेने की अपील कर रहे थे। तभी विद्यार्थी के कुछ लोग आते हैं और आजाद के पोस्टर को छीनकर उसे मरोड़ते हुए कहते है कि तुम यहाँ आजाद की जयंती पर कोई कार्यक्रम नहीं कर सकते। कार्यक्रम करोगे तो जान से मार दिए जाओगे। यहां सिर्फ एबीव्हीपी की चलेगी। इतना ही नहीं उन्होंने कॉलेज प्रशासन पर शहीद चंद्रशेखर आजाद को मना रहे छात्रों पर कार्यवाही करने का दबाव बनाया। जब कॉलेज प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं कि तो उन्होंने केंट थाना में जाकर कॉलेज के छात्रों पर आजाद की जयंती मनाने और उनके विचार पोस्टर को वितरित करने के जुर्म में एफआईआर करवा दी।

# सरकारी जमीनों पर हो रहे हैं कब्जे, भू- माफिया बेच रहे प्लॉट, शिकायत पर भी कार्रवाई नहीं



**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र ) ।** सरकारी जमीनों पर हो रहे हैं कब्जे,भू- माफिया बेच रहे प्लॉट, शिकायत पर भी कार्रवाई नहीं,हर दिन भू-माफिया प्लॉट बेच रहे और जनता को ठग रहे हैं,जबकि मध्य प्रदेश सरकार के सख्त आदेश होने के बावजूद दतिया में भूमाफिया पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।बता दें कि सरकारी जमीनों पर लगातार हो रहे कब्जों,अतिक्रमण को लेकर अधिकारियों ने आरआई, पटवारी पर फोड़ना शुरू किया ठीकरा, जिन अधिकारियों पर अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी उनको बचाने में जुटे बड़े अधिकारी। दरअसल मामला भांडेर रोड पर बिडनिया ओर महाराजपुरा के भू- माफियाओं ने 100-100 रुपये के स्टाम्प लगाकर बेच दी सरकारी जमीनें। ग्वालियर - झांसी हाइवे पर भी लगातार हो अतिक्रमण।कई बार अधिकारियों को बताने पर भी नहीं हुई कार्यवाही। मुख्यमंत्री मोहन यादव के आदेश को भी दरकिनार कर रहे अधिकारी।अब आरआई ओर पटवारियों पर हो रही सस्पेंसन की कार्यवाही।पिछले दिनों सरस्वती स्कूल की जमीन पर अतिक्रमण के लिए आरआई ओर पटवारी को माना जिम्मेदार।जबकि अतिक्रमण हटवाने का काम अनुभाग अधिकारी का है, जबकि शिकायत होने के बाद भी अतिक्रमण मुक्त नहीं कराई जा रहीं सरकारी जमीन।शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायतें तो काफी संख्या में आती है। लेकिन अधिकारियों द्वारा जमीन को माफिया के चंगुल से कब्जा मुक्त कराने की कार्यवाही नहीं की जाती है। यही वजह है कि भू माफिया सरकारी जमीन पर कब्जा कर पक्का निर्माण कर लेते हैं। और बाद में यह रुपए लेकर दूसरों को बेच दी जाता है।

भू-माफियाओं द्वारा खाली पड़ी सरकारी जमीनों पर पहले टाट पट्टी की झोपड़ी बनाई जाती है। धीरे-धीरे यह झोपड़ी पत्थरों से बन जाती है। इसके बाद इस जगह पर पक्का मकान बना लिया जाता है। बाद में से अच्छी खासी रकम लेकर बेच दिया जाता है। शहर की सेवढ़ा चुंगी, सेवढ़ा बाईपास रोड, भांडेर रोड, ग्वालियर हाईवे,के किनारे की पहाड़ी पर भू माफियाओं द्वारा इसी तरह झोपड़ी बनाकर कब्जा कर से अच्छे खासे दामों में लोगों को बेच दिया गया। वर्तमान में पहाड़ी पर काफी संख्या में मकान बन चुके हैं।

# वृक्ष धरती का श्रृंगार होते है-पिरोनिया

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उनाव में आयोजित हुआ बृक्षारोपण कार्यक्रम




**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** कस्वा उनाव की शैक्षणिक संस्था कन्या हायरसेकंडरी स्कूल में आज शाम एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक व बाँस शिल्प कला बोर्ड के चेयरमैन घनश्याम पिरोनिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर शाला परिसर में फलदार बृक्षों का पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक पिरोनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जन को प्रकृति से जोड़कर भारत भूमि को हरा भरा व सुंदर बनाना है।उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे धरती माता का श्रृंगार होते है इसीलिए हम सबको मिलकर अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए,इस अवसर पर एनएसएस व यूथ व इको क्लव के सदस्यों ने विद्यालय को हरा भरा बनाने का संकल्प भी लिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष भज्जू राय, बृजेन्द्र उपाध्याय, गजेंद्र वंशकार, जीतू कुशवाहा, अरुण राजपूत, दीपक शर्मा,कुलदीप सिंह,सत्येंद्र लिटौरिया, अर्चना रावत,मांडवी शर्मा,प्रतिभा झा,रीता गौतम, मधु श्रीवास्तव, रूपाली कर्ण,लक्ष्मी अहिरवार सहित अन्य छात्राये उपस्थित रही।

# शा. पी. जी. कॉलेज में करियर अवसर मेले का आयोजन 26 जुलाई को

**दतिया ।** शासकीय पीजी कॉलेज दतिया में 26 जुलाई 2024 को एक दिवसीय जिला स्तरीय करियर अवसर मिले का आयोजन 11ः00 से 4ः00 बजे तक किया जा रहा है। मेले में विद्यार्थियों को रोजगार देने हेतु 15 कंपनियां महाविद्यालय में आ रही है यह कंपनियां साक्षात्कार के माध्यम से विद्यार्थियों का प्लेसमेंट करेंगी। जिले के सभी कॉलेज के इच्छुक विद्यार्थी अपने मूल दस्तावेज एवं छायाप्रति के साथ महाविद्यालय जाकर कंपनियों से संपर्क कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। मेले के संदर्भ में यह जानकारी प्राचार्य डॉ.डी. आर. राहुल एवं विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी रश्मि सिंह द्वारा दी गई।

# चन्द्रशेखर कियोस्क संचालक की मनमानी : कियोस्क संचालक चन्द्रशेखर 500 रुपये लेकर खोल रहे हैं खाता



**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** बसई पंजाब नैशनल बैंक के पास में बैठ कर करते है लेन देन कियोस्क संचालक चन्द्रशेखर द्वारा की जा रही है मनमानी मदौन निवासी नीलेश विश्वकर्मा का खाता खोला और उनसे 500 रुपए लिए, कहा पासबुक बाद में ले जाना फिर आज पासबुक लेले गए तो उनने पूछा कि पासबुक में कितने पैसे हैं तो कियोस्क संचालक चन्द्रशेखर ने कहा है कि 500 रुपया तो खाता खुलवाने का लगता है ऐसी बसई बी सी की पहले भी हो चुकी है शिकायत बसई बैंक मैनेजर की आखों के सामने कियोस्क संचालक कर रहा है मनमानी कुछ बी सी तो बसई लोकेशन नहीं है फिर भी बह बसई मे बैठे है इनकी लोकेशन आस पास के गांव की है।

# पौधारोपण के साथ-साथ देखरेख भी करें - कलेक्टर

## कलेक्टर ने समूह की महिलाओं के साथ किया पौधरोपण



**दतिया (चम्बल नवराष्ट्र)।** पर्यावरण संरक्षण एवं शुद्ध प्राण वायु के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ माँ के नाम अभियान का दतिया जिले में कलेक्टर संदीप कुमार माकिन के निर्देशन में बड़े स्तर पर पौधारोपण का क्रियान्वयन किया जा रहा है। सोनागिर तेरापंथी कोठी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कलेक्टर संदीप कुमार माकिन ने पौधारोपण किया।जहां पर 2100 पौध रोपण किया जाएगा। कलेक्टर माकिन ने कहा कि क्लाईमेट चेंज के चलते पौधारोपण करना आवश्यक है ताकि पेड़ों के संख्या बढ़ने से तापमान का संतुलन बना रहे। उन्होंने कहा कि जिले में ढाई लाख पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है साथ ही जिलेवासियों से एक पेड़ अपनी माँ के नाम अभियान से जुड़कर पौधा लगाने एवं उनकी नियमित देखरेख करने की अपील की है। इस अवसर पर एसडीएम दतिया ऋषि कुमार सिंघई, एडीशनल सीईओ जिला पंचायत दतिया धनंजय मिश्रा, जनपद पंचायत दतिया सीईओ विनीत त्रिपाठी, आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक गिर्राज दुबे सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जन सहयोग से ही विकसित होगा दतिया में पर्यटन -एडीएम भार्गव

## जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद का विमर्श कार्यक्रम संपन्न



**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र ) ।** हमारे दतिया जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के काई स्थल हैं लेकिन यह सब तभी विकसित और लोकप्रिय हो सकते हैं जब जन सहयोग मिले प्रशासन आपकी मदद कर सकता है लेकिन आगे आप लोगों को आना पड़ेगा उक्त विचार जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद दतिया के तत्वाधान में दतिया पर्यटन की संभावनाओं से समृद्ध जिला विषय पर आयोजित विमर्श के दौरान मुख्य अतिथि की आसंदी से दतिया एडीएम विनोद भार्गव ने व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी और राज परिवार की सदस्य सरोज राजे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्यकार कमलकांत शर्मा तथा भारत विकास परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी चंद्र प्रकाश अग्रवाल रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ कवि मनीराम शर्मा द्वारा दतिया गौरव गान से किया गया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र और पुस्तक भेंट कर रविकांत तिवारी विवेक द्विवेदी प्रदीप कल लोकेंद्र यादव और रामजी राय ने किया। दतिया के पर्यटन क्षेत्र की भूमिका साहित्यकार रवि ठाकुर ने रखी। इसके बाद उपस्थित विभिन्न बुद्धिजीवियों साहित्यकारों और समाजसेवियों ने दतिया के पर्यटन क्षेत्र को प्रचारित करने और उन्हें विकसित करने के विषय पर अपने-अपने सुझाव रखें। कार्यक्रम का संयोजन और संचालन जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के विशेष सदस्य और पत्रकार जगत शर्मा ने किया। कार्यक्रम में डॉ राज गोस्वामी सुंदरलाल श्रीवास्तव हरि कृष्ण हरि अजय राज शर्मा हरिराम साहू नवीन सेन लाखन सिंह भानु शर्मा रमाकांत मिश्रा आदित्य शर्मा अनिल शुक्ला हरिहर समाधिया पूरन चंद शर्मा पीके कश्यप शुभादित्य शर्मा अक्षेश श्रीवास्तव डॉ आलोक सोनी समीर सिंह बॉबी राजा यशवर्धन सिंह छोटे राजा धीरज रावत सानू अली समेत तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार ने ग्राम पंचायतों के स्वरूप को पंगू और अपंग बना दिया है: सुभाष बोहत

**सिरोंज ( चम्बल नवराष्ट्र ) ।** प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश के सरपंचों के साथ किये जा रहे छलावे और विश्वासघात को लेकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुभाष वोहत एडवोकेट, सुभाषिनी बोहत एडवोकेट और बसुंधरा बोहत ने कहा कि महात्मा गांधी जी की ग्राम स्वराज की परिकल्पना को कांग्रेस ने इस उद्देश्य से आगे बढ़ाया था कि पंचायतों का जो स्वरूप है, उसको आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाया जायेगा । लेकिन दुर्भाग्य से भाजपा सरकार आने के बाद पंचायत के इस स्वरूप को भाजपा ने पूरी तरह से पंगू और अपंग बना दिया है। जो वित्तीय अधिकार सहित अन्य अधिकार कांग्रेस सरकार ने ग्राम पंचायतों को दिये थे, वह पूरे अधिकार भाजपा सरकार द्वारा अधिकारियों को हस्तांतरित कर दिये गये। इतना ही नहीं चुने हुऐ सरपंचो पर विश्वास करने की बजाय भाजपा सरकार ने अधिकारियों पर ज्यादा विश्वास किया जिससे महात्मा गांधी का पंचायतों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का सपना अधूरा रह गया।

# सीएम हेल्पलाइन में दर्ज लंबित शिकायतों को आगामी दिनों में करें शत-प्रतिशत निराकरण- कलेक्टर माकिन

## कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश



**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** कलेक्टर संदीप कुमार माकिन की अध्यक्षता में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक हुई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई टीएल बैठक में अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार विभागीय गतिविधियों का प्राथमिकता के साथ बेहतर तरीके से क्रियान्वयन कर हितग्रामूलक योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में लाभांवित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर माकिन ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन में दर्ज लंबित शिकायतों का आगामी दिनों में शत-प्रतिशत निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को प्राथमिकता से निराकरण करे। साथ ही शासकीय कार्यों के निष्पादन के साथ अधिकारियों का यह भी दायित्व है कि लोक सेवक होने के नाते उनका व्यवहार आमजन के प्रति मैत्रीपूर्ण होना चाहिए। शासकीय कार्यों के निष्पादन तक ही सीमित ना रहे।

# ई रिक्शा में 5-6 नहीं 12 सवारी, चालकों की ज्यादा रुपये कमाने की चाहत बन सकती है हादसे का कारण



उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)। ई – रिक्शा चालकों की रुपए कमाने की चाहत कम होती नजर नहीं आ रही है। ई रिक्शा चालक ज्यादा से ज्यादा रुपए कमाने के चक्कर में श्रद्धालुओं की जान को आफत में डाल रहे हैं। शहर में एक ऐसा ही वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक ई रिक्शा में पांच या छह नहीं, 12 श्रद्धालु बैठे हुए हैं। ई-रिक्शा चलाने वाला व्यक्ति यातायात के नियमों का उल्लंघन करते हुए सरपट अपने वाहन को दौड़ा रहा है। उसे इस बात का कोई डर नहीं है कि अगर किसी भी लापरवाही से यह वाहन पलटता है तो आखिर क्या होगा।

शहर में वायरल हो रहे वीडियो की पड़ताल की गई तो पता चला कि यह अंकपात रोड से खाकचोक जाने वाले मार्ग का है। ई रिक्शा एमपी 13 आरए 1180 का चालक अपना वाहन लापरवाही पूर्वक चला ही रहा है, साथ ही उसने ई-रिक्शा पर सवारियों को लटका भी रखा है।

ई-रिक्शा को देखने पर पता चलता है कि बाबा महाकाल के दर्शन करने आए श्रद्धालुओं में से 3 लोग ई-रिक्शा के पीछे लटके हुए हैं। साइड में 2 लोग, ड्राइवर के पास 3 और ई-रिक्शा के अंदर भी करीब 4 से 5 लोग बैठे दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो को वायरल करने वाले व्यक्ति ने कलेक्टर और अन्य जिम्मेदारों से इस और ध्यान देने का निवेदन किया है।

### होगी कड़ी कार्रवाई- एसपी प्रदीप शर्मा

वायरल हो रहे इस वीडियो को लेकर जब एसपी प्रदीप शर्मा से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि यह वीडियो मेरे संज्ञान में आ चुका है। इस मामले में कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### पहले भी कई बार पलट चुका है ई रिक्शा

बताया जाता है कि ई रिक्शा एक ऐसा वाहन है जिसमें अधिक से अधिक 4 से 5 लोगों को सुविधा अनुरूप बिठाया जा सकता है। पूर्व में भी कई बार शहरवासी और श्रद्धालु दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। इसके बावजूद भी ई रिक्शा चालक अपनी मनमर्जी से ओवरलोडिंग कर ई रिक्शा को शहर की सड़कों पर दौड़ा रहे हैं।

# बैंक कर्मियों ने हटाई दुकान की सील: कर्जदार मलिक ने किया पूरा भुगतान



नागदा (चम्बल नवराष्ट्र)। बैंक का लोन चुका देने के बाद जवाहर मार्ग स्थित कृषि रत्न खादबीज दवाई की दुकान से दुकान मालिक सुरेंद्र पोरवाल ने आज से व्यापार शुरु कर दिया है। इससे पूर्व मंगलवार रात 9 बजे पटवारी की उपस्थिति में बैंक कर्मचारियों ने दुकान की सील को हटाकर संचालक को चाबी सौंपी थी। गत बुधवार 17 जुलाई को आईसीआईसीआई होम फाइनेंस के 28439388 रुपए बकाया होने पर अपर कलेक्टर के आदेश पर तहसीलदर मुकेश सोनी ने दुकान सील करवा दी थी। सोमवार 22 जुलाई को दुकान मालिक ने बैंक का बकाया पूरा रुपया चुका दिया था। जिसके बाद आज पटवारी अनिल शर्मा की मौजूदगी में बैंक कर्मियों ने सील और ताले हटाकर दुकान को फिर सुरेंद्र पोरवाल के हवाले कर दी। इस बीच रात में दुकान मालिक और बैंक कर्मियों के बीच काफी देर बहस भी चली। दुकान मालिक सुरेंद्र पोरवाल का कहना था कि सोमवार को पूरा बकाया जमा कर दिया था और मंगलवार को दोपहर तीन बजे कब्जा देना तय हुआ था। बैंक कर्मियों की ओर से जानबूझकर इतनी देरी की गई और रात 9 बजे दूकान को खोला गया।

# महर्षि पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय में सीएम हेल्पलाइन का बनाया मजाक नहीं दे रहे अधिकार ध्यान

रविन्द्र राणावत



उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)। महर्षि पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय उज्जैन में मुख्यमंत्री द्वारा बनाई गई सीएम हेल्पलाइन का बना रखा मजाक नहीं दे रहे संबंधित अधिकारी ध्यान संस्कृत विश्वविद्यालय की सीएम हेल्पलाइन 08/06/2024 को की गई थी लेकिन उच्च लेवल पर पहुंचने के बाद भी विश्वविद्यालय के कुलसचिव और कुलगुरु नहीं दे रहे ध्यान। विश्वविद्यालय की छवि आए दिन खराब हो रही है। रु से रु अधिकारी तक पहुंच गई है लेकिन कोई प्रतिवेदन विश्वविद्यालय द्वारा नहीं दिया गया अपने ही कर्मचारियों को बचाने में लगे हैं। सूत्रों से पता चला है कि संस्कृत विश्वविद्यालय के कुल सचिव द्वारा उन्हें बचाया जा रहा है लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही है इस विषय में हमने कुल सचिव से बात की लेकिन उनका इस मामले में किसी प्रकार से कोई जवाब स्पष्ट नहीं मिला और कोई प्रतिवेदन सही नहीं दिया इस तरीके से पता चलता है कि कहीं ने कहीं इस मामले में कुलसचिव की मिली भगत से कम हो रहा है। कुलगुरु विजय कुमार सीजी से जब हमने इस विषय में बात की तो उनका कहना है कि इसकी जानकारी मुझे नहीं है मैं कल सचिव से बात करके आगे की क्या कार्रवाई होती है मैं आपका अवगत कराऊंगा और आप इस विषय में कुल सचिव से बात कर लेंगे तो अच्छा रहेगा।

# श्रावण माह में भगवान शिव को अर्पित किया खून, पण्डे पुजारियों ने बताया गलत



उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)। श्रावण माह में भक्त अपने अपने तरह से भगवान शिव को खुश करने के लिए आराधना करते हैं। उज्जैन में भगवान शिव के एक भक्त ने खून अर्पित कर दिया। अब इस घटना को कुछ लोग भगवान शिव के प्रति समर्पण तो कुछ लोग इसे गलत बता रहे हैं।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा, जिसमें बिलकेश्वर महादेव में 21 पंडितों की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के साथ रौनक गुर्जर भगवान शिव का रक्त अभिषेक कर रहा है। वायरल वीडियो को देखकर पुजारियों ने इसे पूरी तरह अनुचित बताया है। गुर्जर का कहना है कि रावण ने अपने सिर काटकर शिव को अर्पित किए थे। इस कारण मैंने अपने खून से शिव का अभिषेक किया है। अभिषेक में 4.30 मिनट तक मंत्रोच्चार के बीच हाथ में खून निकालने के लिए डॉक्टर भी मौजूद दिखाई दे रहे है। इस दौरान रौनक गुर्जर के शरीर से खून निकलकर शिव पर अर्पित हो रहा है। पं. रमण त्रिवेदी ने कहा कि भगवान शिव को किसी भी तरह की तामस से जुड़ी वस्तु अर्पित नहीं की जा सकती है। यह अच्छा नहीं, इससे शिव प्रसन्न नहीं होते। महाकाल मंदिर के पुजारी ने कहा कि किसी व्यक्ति ने ऐसा किया है तो वह पाप का भागीदार है। पं. भूषण व्यास के अनुसार महादेव को खून अर्पित करने कि कोई शास्त्र इसकी अनुमति नहीं देता।

# पहले की पत्नी की हत्या, फिर खुद की रोक दी सांसें, पुलिस के लिए रहस्य बना कांड



उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)। जिले से चौंकाने वाली खबर है। यहां एक पति ने पहले पत्नी की हथौड़ा मारकर हत्या की, उसके बाद उसने खुद को भी फांसी लगा ली। इस घटना का पता चलते ही मोहल्ले में हड़कंप मच गया। घर के अंदर का नजारा देख पड़ोसियों और परिजनों के होश उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस आनन-फानन में पहुंची । पुलिस ने शवों को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि एक रात पहले भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। उसके दिन दूसरे दिन यानी 24 जुलाई को पति ने खौफनाक कदम उठा लिया। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घर में कोहराम मचा हुआ है।

घटना उज्जैन के पास लेकोड़ा की है। जानकारी के मुताबिक, उज्जैन पुलिस को सूचना मिली कि यहां पति-पत्नी की लाशें मिली हैं। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। यहां पता चला कि पुरुष का नाम अर्जुन मोंगिया और उसकी पत्नी का नाम धापू बाई है। धापू बाई की लाश जमीन पर पड़ी मिली, जबकि अर्जुन फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों-पड़ोसियों से पता चला कि धापू बाई अर्जुन की दूसरी पत्नी थी। दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते थे। बीती रात भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद अर्जुन ने धापू बाई के सिर पर हथोड़े से वार कर उसकी हत्या कर दी और खुद को फांसी लगा ली। दोनों की कोई औलाद नहीं थी।

### पुलिस ने बताई ये कहानी

चिंतामण थाना के बालू मंडलोई ने बताया कि पुलिस को इस घटना की जानकारी मिली थी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो दरवाजा खुला हुआ था। हमने पड़ोसियों से बात की। फोरेंसिक टीम को भी बुला लिया था। पड़ोसियों और परिजनों ने बताया कि उनका कल रात किसी बात पर विवाद हुआ था । हमारी प्राथमिक जांच में पता चला है कि पहले युवक ने पत्नी की हथौड़े से हत्या की, फिर फांसी लगा ली। हम मामले की और जांच कर रहे हैं।

# हाटपुरा मैदान एवं कृषि उपज मंडी के सामने हुए अतिक्रमण का मामला कलेक्टर के सामने पहुंचा जनसुनवाई में

## वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद रानी राजेश मालवीय ने की जनसुनवाई में कलेक्टर को शिकायत



तराना (चम्बल नवराष्ट्र)। नगर के हाटपुरा मैदान में नगर परिषद की बिना अनुमति से बन रही दुकान बनाकर अतिक्रमण करने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। उक्त अतिक्रमण के मामले की शिकायत पुर्व में वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद श्रीमती रानी राजेश मालवीय द्वारा एसडीएम एवं नगर परिषद सीएमओ एवं इंजीनियर को की थी लेकिन सुनावई नही होने पर अब इस मामले की शिकायत लेकर पार्षद श्रीमती रानी राजेश मालवीय मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर के पास पहुंची जहाँ उन्होंने उनके लैटर पेड पर शिकायत करते हुए बताया कि नगर के पुराना पेट्रोलपंप चौराहा हाटपुरा मेन रोड के पास स्थित पुलिया के पास बगैर किसी अनुमति के पक्का निर्माण किया जा रहा है। एवं शासकिय नाले पर भी अतिक्रमण कर लिया गया हैं इस नाले से कई वर्षो से नगर कि सभी नालियों का पानी व बारिश का पानी निकलता है अतिक्रमणकर्ता द्वारा नाले के स्वरूप में परिवर्तन कर दिया गया है। पहले नाला लगभग 15 से 20 फीट चौड़ा था परन्तु वर्तमान में नाला लगभग 3 से 4 फीट चौड़ा रह गया है जिसके कारण नालीयो व बारिश का पानी नही निकल पा रहा है जिससे लोगो के घरो , हाट बाजार व सब्जी मंडी में पानी भरने की स्थिति बन गई है। व आमजनता को निकलने में परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इसलिये बिना अनुमति के बनाए गये संपुर्ण अवैध निर्माण को हटाया जावें। जिससे समस्या का हल हो सके। अत: श्रीमान कलेक्टर महोदय से निवेदन है कि इन अवैध निर्माणकर्ताओ पर दंडात्मक कार्यवाही कर अवैध निर्माण जल्द से जल्द हटाया जाए।

# मंत्री नागर सिंह को मनाने में सफल हुई भाजपा! पहले इस्तीफे की दी थी धमकी



भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)। मध्य प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार और उसके बाद विभाग आवंटन को लेकर उपजे असंतोष ने भाजपा और सरकार की मुश्किलें बढ़ा दी थी। अब पार्टी संगठन और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ हुई मंत्री नागर सिंह चौहान की बैठक से क्या मामला सुलझ गया है बीते दिनों डॉ मोहन यादव कैबिनेट का विस्तार हुआ था जिसमें कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए रामनिवास रावत को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई और बाद में उन्हें वन तथा पर्यावरण विभाग का जिम्मा सौंप दिया गया। यह विभाग मंत्री नागर सिंह चौहान के पास हुआ करता था। इस बदलाव से चौहान क्षुब्ध थे और उन्होंने खुले तौर पर धमकी दे डाली थी कि वह मंत्री पद तथा उनकी पत्नी अनीता नागर सिंह सांसद पद से इस्तीफा दे सकती है। उनके इस बयान ने सियासी गलियारों में हलचल पैदा कर दी थी। मंत्री चौहान ने जहां एक तरफ धमकी भरे अंदाज में अपना बयान दिया तो बाद में चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर एक वीडियो जारी किया जिसमें उन्होंने खुद को सिर्फ विधायक बताया। इसके बाद ही उनकी नाराजगी को लेकर कयास लगाए जाने लगे थे। इतना ही नहीं मंत्री चौहान ने दिल्ली दरबार में दस्तक दी, यह बात अलग है कि उन्हें राष्ट्रीय नेतृत्व के किसी बड़े नेता ने समय नहीं दिया तो वहीं पूरे मामले को राज्य स्तर पर ही सुलझाने की हिदायत दी। फिर क्या था मंत्री चौहान मंगलवार (23 जुलाई) रात दिल्ली से वापस भोपाल पहुंचे और देर रात को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री डॉ यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा और संगठन महामंत्री हितानंद के साथ बैठक की। इस बैठक में मंत्री चौहान की बात सुनी गई साथ ही उन्हें बयानबाजी से बचने की हिदायत दी गई है। पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि नागर सिंह चौहान का जनजातीय वर्ग से नाता है और वे मालवा निमाड़ इलाके में काफी दखल रखते हैं। हाल ही में राजस्थान में इस वर्ग से जुड़े लोगों की एक बड़ी बैठक हुई थी जिसमें भील प्रदेश बनाने की मांग उठी थी। इन स्थितियों में पार्टी नहीं चाहती कि कोई इस वर्ग का जन प्रतिनिधि बगावती तेवर अपनाए, इसलिए इस मसले को जल्दी निपटाने के साथ उस पर विराम लगाने की कोशिश तेज हुई। अब पार्टी यह मानकर चल रही है कि मसला पूरी तक निपटा लिया गया है।

# जागरूक नागरिक और कर्मठ चिकित्सक मध्यप्रदेश का गौरव हैं: उप-मुख्यमंत्री शुक्ल

## सिवनी में चिकित्सक दल ने बाढ़ में फंसी महिला का सुरक्षित प्रसव कराया

भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)। उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विषम परिस्थितियों में भी जन-सेवा की भावना को प्राथमिकता देकर कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश करने वाली सिवनी की डॉ. मनीषा सिरसाम की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि बाढ़ में फँसी महिला का प्रशिक्षित दाई से समन्वय कर उन्होंने सुरक्षित प्रसव कराया। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मानव सेवा ही देव सेवा है। जागरूक नागरिक और कर्मठ चिकित्सक मध्यप्रदेश का गौरव हैं। आपात के समय में ऐसी सजगता और कर्मठता अभिनंदनीय है। उन्होंने नन्हें बालक को नव जीवन प्रदान करने में सहायक हुए सभी जनों का आभार एवं बालक के परिजनों को शुभकामनाएं दी हैं।

### दाई ने फोन पर प्राप्त निर्देशो से कराई सुरक्षित डिलेवरी, जुड़वा बच्चों ने लिया जन्म, जच्चा-बच्चा ऑल इज वेल

23 जुलाई को सिवनी जिले में भारी बारिश के कारण बाढ़ से कई गांवों का संपर्क टूट गया, जिनमें से एक जोराबाड़ी गांव भी शामिल था। इस गांव में गर्भवती महिला श्रीमती रवीना बंशीलाल उइके को अचानक प्रसव पीड़ा होने लगी। पूर्व रिपोर्टों के अनुसार, उन्हें जुड़वां बच्चों को जन्म देना था। परिवार ने उन्हें जिला अस्पताल सिवनी ले जाने का प्रयास किया, लेकिन सभी रास्ते बंद थे।



परिवार ने आशा कार्यकर्ता से संपर्क किया, जो पहले से ही जिला अस्पताल में थी। आपातकालीन स्थिति में, आशा कार्यकर्ता ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीषा सिरसाम को सूचना दी। डॉ. सिरसाम ने कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन को स्थिति से अवगत कराया। कलेक्टर ने तुरंत चिकित्सकीय दल को गांव भेजने के निर्देश दिए। डॉ. मनीषा सिरसाम, नर्सिंग आफिसर सुनीता यादव, मेंटर कविता वाहने, और आशा कार्यकर्ता कामता मरावी के साथ एसडीआरएफ टीम गांव के समीप पहुंची, लेकिन नाले में अधिक जलस्तर के कारण रुक गई। ऐसी स्थिति में, डॉ. सिरसाम ने फोन पर गांव की प्रशिक्षित दाई को निर्देश दिए। दाई ने निर्देशानुसार रवीना का सुरक्षित प्रसव कराया। बाढ़ का पानी कम होने पर, चिकित्सकीय दल ने जच्चा और बच्चा को 108 वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। माँ और बच्चे स्वस्थ हैं।

# श्रावण मास में हजारों कांवड़ियों का कारवां बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए पहुंचे महाकाल ज्योतिर्लिंग,किया जल अर्पित

भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)। भगवान महाकाल की नगरी में श्रावण मास की पहली कावड़ यात्रा बुधवार को निकली। हजारों कावडियों का कारवां बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए महाकाल ज्योतिर्लिंग पहुंचे और जल अर्पित किया। महाकाल मंदिर से करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित त्रिवेणी घाट शनि मंदिर से यात्रा का प्रारंभ हुआ। यात्रा में बेंड-बाजे, डीजे, रथ पर सवार संत-महात्मा शामिल थे। वहीं भजन मंडली के साथ भक्त धार्मिक गीतों पर थिरकते हुए निकले। महामंडलेश्वर ईश्वरानंद महाराज ने कहा संसद में जय फिलिस्तिनी कहने वालों को भगवान सद्बुध्दि दे। इंदौर रोड़ स्थित त्रिवेणी शनि मंदिर से बुधवार को मां शिप्रा और नर्मदा का जल कावड़ में लेकर समर्पण कावड़ यात्रा सुबह 11 बजे निकली। यात्रा प्रारंभ करने के पहले महामंडलेश्वर ईश्वरानंद महाराज (उत्तम स्वामी) ने भगवान शनिदेव का पूजन किया। यहां से कावड़ का पूजन कर समर्पण कावड़ यात्रा भगवा ध्वज फहराते हुए प्रारंभ हुई। बग्गी में महामंडलेश्वर व अन्य संतों विराजित होने के बाद कंधे पर कावड़ लेकर हजारों यात्रियों ने रास्ते भर बम-बम भोले के जयकारें लगाते हुए शामिल हुए। त्रिवेणी से प्रारंभ हुई कावड़ यात्रा का रास्ते में कई स्थानों पर मंच बनाकर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। (उत्तम स्वामी) ने कहा कि जन कल्याण की भावना से यात्रा निकाल रहे है। देश में सनातन श्रेष्ट रहे। आज देश विरोधी ताकत संसद में जय फिलिस्तीन बोलने वाले लोगों को भगवान सद्बुध्दि दें। देश के प्रति समर्पित रहें। देश में जो अनैतिक कार्य करते हुए देश को तोडने का काम कर रहे है, भगवान महाकाल उन सभी को सद्बुध्दि देते हुए भारत के है। भारत के रहेंगे।



### इन मार्गो से निकली कावड़ यात्रा

महामंडलेश्वर ईश्वरानंद महाराज (उत्तम स्वामी) के सानिध्य में त्रिवेणी स्थित शनि मंदिर से प्रारंभ हुई कावड़ यात्रा इंदौर रोड़ से नानाखेड़ा, तीन बत्ती चौराहा, टावर चौक, चामुंडा माता मंदिर चौराहा, देवास गेट, मालीपुरा, दौलतगंज चौराहा, कंठाल चौराहा, गोपाल मंदिर होते हुए महाकाल मंदिर पहुंचकर भगवान महाकाल को जल अर्पित करेंगे। यात्रा में भारतीय गुरु भक्त मंडल के अध्यक्ष तपन भौमिक, यादव समाज के जिलाध्यक्ष नारायण यादव, जमना यादव, ओम जैन, विजय जायसवाल मेघदूत, विशाल राजोरिया, ओम खत्री, राजेंद्र भारती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व शहर के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# क्षेत्र विशेष के अनुसार उचित गुणवत्ता के पौधों का रोपण आवश्यक : वन मंत्री रावत

## विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की

भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)। वन एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत ने वन भवन में वन विभाग की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र विशेष के अनुसार उचित गुणवत्ता के पौधों का रोपण आवश्यक रूप से किया जाये। वन मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलवायु के आधार पर उचित गुणवत्ता के पौधे प्रजातियों का रोपण किया जाना चाहिए और उनकी सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाये। वन मंत्री ने कहा कि प्रदेश में बांस रोपण को करने के लिये निजी क्षेत्र में किसानों को भी बांस रोपण के लिये प्रेरित किया जाये।



वन मंत्री श्री रावत ने तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य से जुड़े ग्रामीणों के लिये चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने तेंदूपत्ता संग्राहकों को प्रोत्साहन पारिश्रमिक बोनस शीघ्र वितरित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। मंत्री श्री रावत ने ईको पर्यटन के अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं में अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार-मूलक गतिविधियों के प्रशिक्षण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाये रखने के लिये वन विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। श्री रावत ने प्रदेश में वन आवरण में वृद्धि के साथ ही ग्रामीणों के आर्थिक, सामाजिक विकास के लिये चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीणों को प्राप्त होना चाहिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ वन अधिकारी उपस्थित थे।

# भोपाल के बड़े तालाब में कूदा प्रेमी जोड़ा, मौत

भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)। भोपाल के बड़े तालाब में महिला और पुरुष के शव मिले हैं। पुलिस के मुताबिक दोनों साथ रह रहे थे। महिला के पति की इसी साल 23 जनवरी को सागर में हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से वो पति के दोस्त के साथ रह रही थी। वहीं मृतक महिला की मां का कहना है कि दोनों के बीच किसी तरह का कोई संबंध नहीं था। श्यामला हिल्स थाने के एएसआई जगदीश परमार ने बताया कि शव बुधवार सुबह 8.30 बजे बोट क्लब स्थित पंप हाउस के पास बड़े तालाब में मिले। इन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए मर्चुरी भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों मोपेड से यहां आए थे। पहले महिला ने तालाब में छलांग लगाई, फिर पुरुष कूदा। मोपेड के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर महिला की पहचान प्रिया साहू (32) पत्नी स्वर्गीय दशरथ साहू के रूप में हुई है।



दूसरे शव की शिनाख्त दुर्गेश सोनी (32) के रूप में हुई है। दोनों फिलहाल बाग सेवनिया के विश्वकर्मा नगर में रह रहे थे। परिजन को सूचना दे दी गई है। उनके बयानों के बाद ही सुसाइड के कारणों का खुलासा हो सकेगा। श्यामला हिल्स थाने के टीआई आरवी सिंह विमल ने बताया कि प्रिया भोपाल में सिलाई का काम करती थी। 13 साल का बेटा है। उसके पति दशरथ साहू की 23 जनवरी को सागर में हत्या हो गई थी। दुर्गेश उसके पति का दोस्त था। दोनों में पहले से जान-पहचान थी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विनीत गुप्ता, एम.आई.आफसेट वर्क्स, 91, रशीदिया स्कूल के पास बरखेड़ी, भोपाल से मुद्रित तथा सीओ मो. नफीस कुरैशी 91, रशीदिया स्कूल के पास, बरखेड़ी, भोपाल-462008 से प्रकाशित। सम्पादक: विनीत गुप्ता मो. 8889307028, कार्यकारी सम्पादक महेन्द्र राय। RNI No. MPHIN/2018/77427 (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।)